नैक (NAAC) द्वारा 'A' ग्रेड प्राप्त

**महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय, वर्धा**

**Mahatma Gandhi Antarrashtriya Hindi Vishwavidyalaya**

(संसद द्वारा पारित अधिनियम 1997] क्रमांक के अंतर्गत स्थापित केंद्रीय विश्वविद्यालय)

*(A Central University established by Parliament by Act No. 3 of 1997)*

## हिंदी विवि में आनंद भारती आवासीय लेखक नियुक्त



वर्धा, 18 सितंबर 2018: देश के अग्रणी समाचार पत्रों में पत्रकार रहे कहानीकार एवं स्क्रिप्ट राइटर आनंद भारती को महात्मा गांधी अंतरराष्ट्रीय हिंदी विश्वविद्यालय ने आवासीय लेखक नियुक्त किया है। सन 1977 से पत्रकारिता कर रहे आनंद भारती ने 'अणुव्रत' पाक्षिक में बतौर उपसंपादक कार्य किया। दीनदयाल शोध संस्थान की पत्रिका मंथन में उन्होंने 1982 से उपसंपादक के रूप में काम किया। वे 1984 से 86 तक पांचजन्य साप्ताहिक में उप संपादक एवं दिल्ली के संवाददाता रहे। उन्होंने नवभारत टाइम्स पटना, सामना, मुंबई, अमर उजाला और जागरण आदि अग्रणी समाचार पत्रों में विशेष संवाददाता, स्टाफ रिपोर्टर एवं ब्यूरो चीफ के रूप में कार्य किया। उन्होंने लगभग सोलह वर्षों तक मुंबई में वैचारिक फिल्म पत्रकारिता की। उन्होंने पूर्व राज्यपाल स्व. केदारनाथ साहनी की जीवनी के लिए रिसर्च कर किताब का संपादक किया जिसका लोकार्पण प्रधानमंत्री श्री नरेंद्र मोदी द्वारा किया गया। इसके अलावा उन्होंने धर्मयुग, दिनमान, संडे आब्जर्वर, राष्ट्रीय सहारा, सहारा समय, लोकमत समाचार, राजस्थान पत्रिका, भास्कर एवं हिंदुस्तान सहित अनेक पत्र पत्रिकाओं में विशेष रिपोर्टिंग, फीचर लेखन और राजनीतिक विश्लेषण किया। उनकी कहानियां कई पत्रिकाओं में प्रकाशित हैं। उन्होंने टीवी धारावाहिकों और फिल्मों की स्क्रिप्ट राइटिंग की और टीवी के लिए शोध भी किया है।

:::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::::